आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 12.12.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश बडे पैमाने पर डिजिटल रूप से जुड़ रहा है, इसके साथ ही साइबर अपराध भी लगातार बढ रहे हैं।
- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी, ने नई दिल्ली के यशोभूमि में प्रथम भारतीय समुद्री विरासत सम्मेलन को संबोधित किया।
- सांसद बिष्णु पद रे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उनकी आसाधारण पहल और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए आभार व्यक्त किया।
- भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने पैकेट बंद खाद्य पदार्थों के पैकटों पर मोटे और बड़े अक्षरों में पोषण संबंधी जानकारी दर्शाना अनिवार्य कर दिया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश बडे पैमाने पर डिजिटल रूप से जुड रहा है, इसके साथ ही साइबर अपराध भी लगातार बढ रहे हैं। श्री मोदी ने कल स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के ग्रैंड फिनाले में वीडियों कांफ्रेंस के जरिए युवा नवोन्मेषकों के साथ बातचीत की प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विश्व में अग्रणी डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। श्री मोदी ने कहा कि भारत तेज गति से तभी आगे बढ सकता है, जब सभी के प्रयास शामिल हों। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब देश नई चुनौतियों का सामना कर रहा होता है तो नवाचार से जुडे युवा आसाधारण समाधान प्रस्तुत करते हैं।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक–आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कल भू–राजनीतिक तनाव, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और राजनीतिक अनिश्चितताओं से जूझ रहे वैश्विक वातावरण में स्थिरता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आर बी आई नीतिगत मामलों में स्थिरता को प्राथमिकता देना जारी रखेगा। उन्होने कहा कि बैंक मौजूदा वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य के जवाब में सतर्क रहेगा। इससे पहले दिन में संजय मल्होत्रा ने भारतीय रिजर्व बैंक के छब्बीसवें गवर्नर के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने शक्तिकांत दास का स्थान लिया है।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी, ने नई दिल्ली के यशोभूमि में प्रथम भारतीय समुद्री विरासत सम्मेलन को संबोधित करते हुए अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की कई सहस्राब्दियों पुरानी ऐतिहासिक समुद्री विरासत पर प्रकाश डाला, जो न केवल सुदूर–पूर्वी देशों में व्यापार और वाणिज्य के प्रसार का प्रमुख चालक था, बल्कि सभ्यतागत, सांस्कृतिक और धार्मिक संबंधों का भी प्रतीक था – जिसे हाल ही में श्री विजयापुरम के नाम से नामकरण किया गया है। कार्यक्रम में उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने पिछले छह–सात वर्षों में द्वीप विकास एजेंसी के माध्यम से जहाजरानी और बंदरगाहों के क्षेत्रों में कई वृहत इन्फ्रा और रणनीतिक परियोजनाओं की संकल्पना की गई है, जैसे की अंटलांटा–बे में गहरे पानी के बंदरगाह में गैलेथिया खाड़ी में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, पोर्ट–मीडोज में ड्राई कार्गो ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल आदि, जो आने वाले वर्षों में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को 'विकसित भारत', 'आत्मनिर्भर भारत' और पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक प्रमुख चालक के रूप में आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

<><><><><><><>

नरेंद्र मोदी सरकार ने हाल ही में 'सांसद निवारण तंत्र' की शुरुआत की है, जो सभी सांसदों को मुद्दों का समाधान करने, नीतियों पर प्रतिक्रिया देने और केंद्रीय मंत्रियों की अध्यक्षता वाले समूहों के माध्यम से शासन से जुड़ने में सक्षम बनाता है। इस संदर्भ में, सांसद श्री बिष्णु पद रे ने भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में असाधारण पहल और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए आभार और प्रशंसा व्यक्त की है। सांसद ने अपने पत्र में लिखा है कि यह भारतीय संसद के इतिहास में पहली बार हुआ है कि एक सहभागी और समावेशी तंत्र पेश किया गया है, जो लोकतंत्र और शासन को मजबूत करने में एक लंबा रास्ता तय करने के लिए तैयार है। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि सरकार की यह पहल विकास को महत्वपूर्ण रूप से आगे बढ़ाते हुए, नीतियों को और मजबूत करेगी ,जिससे देश का कल्याण होगा।

<><><><><><><>

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण–एफ.एस.एस.ए.आई ने पैकेट बंद खाद्य पदार्थों के पैकटों पर मोटे और बड़े अक्षरों में अतिरिक्त चीनी, नमक और वसा के बारे में पोषण संबंधी जानकारी दर्शाना अनिवार्य कर दिया है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री बी एल वर्मा ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि उपभोक्ताओं के लिए उत्पादों के पोषण मूल्य को बेहतर ढंग से समझाने और पोषण तत्वों को लेकर सही चुनाव करने के लिए, इस वर्ष उन्नीस जून को अनिवार्य दिशा–निर्देशों को मंजूरी दी गई थी।

श्री वर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं के हित में एफ एस एस ए आई ने खाद्य सुरक्षा और मानक शिशु पोषण के लिए खाद्य के नियमों को अधिसूचित किया है, जो शिशु आहार की विभिन्न श्रेणियों के लिए मानक निर्धारित करता है और खाद्य व्यवसाय संचालकों को शिशु पोषण के लिए भोजन में कार्बोहाइड्रेट के स्रोत को स्पष्ट करना अनिवार्य करता है। उन्होंने कहा कि एफ एस एस ए आई और राज्य खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण शिशु खाद्य उत्पादों सहित खाद्य उत्पादों की नियमित निगरानी, निरीक्षण और नमूने की जांच करते हैं। श्री वर्मा ने बताया कि खाद्य व्यापार संचालकों को इन विनियमों के तहत लेबलिंग आवश्यकताओं और मानकों का सख्ती से पालन करने के लिए कहा गया है।

<><><><><><><>

भारत सरकार ने मृदा परीक्षण के लिए राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं के लिए सरकारी मृदा परीक्षण प्रयोगशाला को मान्यता देने का आदेश दिया है और इसका उद्देश्य मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं के मानकों को बनाए रखना है, जिससे उच्च गुणवत्ता वाले और मृदा विश्लेषण के साथ कृषि और पर्यावरण प्रबंधन का समर्थन किया जा सके। गोलघर स्थित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला ने कृषि निदेशालय द्वारा मान्यता प्राप्त पीटी प्रदाता द्वारा आयोजित प्रवीणता परीक्षण कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें पिछले एक वर्ष में शामिल किए गए परीक्षण मापदंडों को मान्यता के लिए विचार किया गया और एन ए बी एल से आठ मापदंडों के लिए मान्यता प्राप्त की है। वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के दौरान, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, आई एन एम प्रभाग ने सभी अंचलों के विभिन्न गांवों में मिट्टी के नमूने एकत्र करने के लिए दस हजार का लक्ष्य रखा है। कर्मचारियों को किसानों के खेत में एस एच सी मोबाइल ऐप के माध्यम से मिट्टी के नमूने एकत्र करने के लिए कहा गया है। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्राप्त करने के लिए अपनी मिट्टी को एकत्र करने और विश्लेषण करने के लिए क्षेत्रीय कृषि कार्यालय से संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग द्वारा भूमिगत केबल में रख–रखाव का कार्य किए जाने के चलते आज श्री विजयपुरम के कुछ क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में डेरीफार्म, पुलिस लाईन, आर जी टी रोड, शादीपुर, जंगलीघाट के कुछ क्षेत्र, लंबा लाईन, स्कूल लाईन, मिनी बे, मिडिल प्वाइंट, बंगाली क्लब, बिग्गी लाईन, वी आई पी रोड, नया गांव, कार्बाइंस कोव आदि क्षेत्र शामिल हैं। कटौती सुबह दस बजे से दोपहर बाद दो बजे तक रहेगी।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से कल शहीद द्वीप में परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान तैंतीस महिलाओं ने लाभ प्राप्त किया। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. एम. के.साहा, एनेस्थेटिस्ट डॉ. नारायण तथा स्वास्थ्य सेवा विभाग के कर्मियों के साथ इस कार्य को पूरा किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पंचायत समिति प्रमुख चम्पा दास और प्रधान पिंकी दास ने सभी डॉक्टर और उनकी पूरी टीम का अपना आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>